# ओवरलोड ट्रक ने ली मासूम की जान, बछरायूं में बवाल

## विधायक के आश्वासन पर शांत हुए परिजन, ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** कस्बे के मोहल्ला बकाबाद में गुरुवार सुबह हुए हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। सुबह करीब 6:45 बजे बजरी से भरे एक अनियंत्रित व ओवरलोड ट्रक ने सड़क पर खेल रहे दो वर्षीय मासूम दक्ष प्रजापति को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दक्ष, पुराने सिंडिकेट बैंक चौराहे पर मिठाई व चाय की दुकान चलाने वाले मोनू प्रजापति का इकलौता पुत्र था।



घटना के बाद परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया और पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों का कहना था कि ओवरलोड ट्रक पुलिस की मिलीभगत से कस्बे के भीतर प्रवेश कर रहे हैं। यदि पुलिस समय रहते कस्बे से पहले ही ट्रक को रोक लेती, तो संभवत: यह हादसा टल सकता था। हंगामे के चलते परिजनों व कस्बेवासियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व उसके चालक को हिरासत में ले लिया, लेकिन लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। हालात को देखते हुए थाना प्रभारी कुलदीप तोमर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। परिजन क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।घटना की जानकारी मिलते ही विधायक राजीव तरारा मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परि. जनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि इस मामले में ट्रक चालक फहीम पुत्र शाहिद, निवासी ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कस्बेवासियों का कहना है कि जब तक ओवरलोड व भारी वाहनों की कस्बे में आवाजाही पर सख्त रोक नहीं लगाई जाती, तब तक ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहेंगे।



# बजाज टेक्सटाइल ने जीता मुकाबला

## सुभान बने मैन आफ दि मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** द आर्यन स्कूल में आयोजित अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में बजाज टेक्सटाइल इंडियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल को हराकर जीत दर्ज की।

मैच में बजाज टेक्सटाइल इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 168 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। बल्लेबाजी में यशोमनी ने बेहतरीन 55 रन बनाए, जबकि उदय लिट और कोको ने 16-16 रनों का योगदान दिया। एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल की ओर से राम पांडे ने 3 विकेट और अरविंद ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। टीम की ओर से अनमोल काकरान ने 39 रन और आमिर खान ने 24 रनों की पारी खेली। बजाज टेक्सटाइल इंडियन की गेंदबाजी में सुभान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। मैच में बजाज टेक्सटाइल इंडियन के सुभान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल के राम को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी शिवांग के पिताजी परवीन सर के हाथों कराया गया। इस अवसर पर आईपीएल खिलाड़ी शिवांग, जो मुरादाबाद के निवासी हैं और इस वर्ष सनराइजर्स हैदराबाद में चयनित हुए हैं, ने द आर्यन क्रिकेट अकादमी की सराहना करते हुए कहा कि यहां से हर साल हर आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलते हैं और उन्हें यहां अभ्यास करना बेहद अच्छा लगता है।

# अब तक सार्वजनिक नहीं की गई नमूनों की रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चे के द्वारा हाइवे किनारे स्थित ग्राम शहबाजपुर डोर में प्रदुषण के विरोध में चल रहा धरना 40 वें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि 40 दिन पहले मिट्टी और पानी के जो सैंपल गए थे, उनकी रिपोर्ट आज तक भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

गुरूवार को धरने में सम्मिलित होने के लिए ट्रैक्टर ट्राली भरकर नाईपुरा गांव की महिलाएं व किसान धरने पर पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि अमरोहा का प्रशासन व उत्तर

**■ प्रदुषण के विरोध में धरना 40 वें दिन भी जारी**

प्रदेश की सरकार शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। कहा कि 31 जनवरी को धरना स्थल पर किसान प्रदुषण का पुतला फूंकेंगे। मंडलाध्यक्ष एहसान अली ने कहा कि क्षेत्र के किसान जहरीला पानी पीकर रोज गंभीर बीमा. रियों का शिकार हो रहे हैं लोगों की ऐसे में मौत हो रही है। जिसको लेकर संगठन चिंतित है। इस मौके पर नाजमा खान, नीतू रानी, संतोष देवी, राजमणि देवी, राजवंती गुड्डी, दयाबती प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष एहसान अली, ओम प्रकाश सिंह, दिलशाद सलमानी, होमपाल सिंह, समरपाल सैनी, अरशद अली, विजय सिंह, मोनू सिंह,फयुम सलमानी, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू सम्मेलन में समाज की एकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गुरुवार को नगर के गोल घर स्थित सत्येंद्र रिसोर्ट में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम् महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। जब समाज संगठित होता है, तभी राष्ट्र सुरक्षित और सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। धर्म का अर्थ विभाजन नहीं, बल्कि जोड़ना है और सामाजिक समरसता ही हिन्दू समाज की सच्ची पहचान रही है। उन्होंने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने और नागरिक कर्तव्यों को राष्ट्रधर्म बताते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों को जीवन में उतारकर मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। प्रांत सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने सौ वर्षों में सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों के माध्यम से समाज को दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, यतेंद्र कटारिया, डॉ. आदित्य चौहान, प्रशांक त्यागी, सौरभ सैनी, योगेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, कुसुम गोयल, हेमनंदन मोजूद रहे।

# वाईएमएस में लगेगा स्वचालित मौसम केन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वाई.एम.एस. पी. जी. कॉलेज में जल्द ही स्वचालित मौसम केंद्र ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय और भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह केंद्र अमरोहा जनपद व आसपास के क्षेत्रों के लिए सटीक और वैज्ञानिक मौसम डेटा उपलब्ध कराएगा।प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि यह समझौता महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। स्वचालित मौसम केंद्र शोध, शिक्षा और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देगा। समझौते पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह और आईआईटीएम पुणे के परियोजना वैज्ञानिक नितिन सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक, तकनीकी और वैज्ञानिक सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी।स्वचालित मौसम केंद्र से प्राप्त आंकड़ों का लाभ कृषि क्षेत्र को मिलेगा, जिससे किसानों को बुवाई और सिंचाई के लिए सटीक मौसम पूर्वानुमान मिल सकेगा। साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों को मौसम विज्ञान का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। यह केंद्र आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, जल संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण विकास योजनाओं में भी सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद सैफी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# निष्पक्ष व अनिवार्य मतदान करने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उझारी में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में कस्बा उझारी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपनिदेशक निशांत रौतेला के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं और ग्रामीणों को लो. कतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मतदाता जागरूकता शपथ के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित सभी लोगों ने निष्पक्ष और अनिवार्य मतदान का संकल्प लिया। इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपनिदेशक निशांत रौतेला ने मतदान की शक्ति और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शोभित शर्मा, गौरी शंकर शर्मा, कु0 सना ने अपने विचार साझा किये। ग्रामीणों को प्रेरित करने के लिए उझारी की गलियों में एक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान उत्साहपूर्ण नारों के साथ ग्रामीणों से शत-प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया गया। साथ ही लोकतांत्रिक उत्सव में पहली बार शामिल होने वाले युवा मतदाताओं को सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने जोर देकर कहा कि एक जागरूक मतदाता ही सशक्त भारत की नींव रखता है। पदयात्रा और सम्मान समारोह के माध्यम से युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।




# दुग्ध इकाई से निकल रहे दूषित पानी से फसलें खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक दुग्ध डेयरीज से निकलने वाले दूषित पानी से किसानों की करीब बीस बीघा खेती नष्ट हो गई है। विरोध जताने पर डेयरीज के अधिकारी व कर्मचारी किसानों के साथ अभद्रता करते हैं। किसानों ने गुरूवार को थाने में एक शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार उपेन्द्र सिंह, वीरपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, परम सिंह निवासी भानपुर खालसा के खेत आनंदा डेयरीज कम्पनी के नजदीक हैं। आरोप है कि यहां से निकलने से वाले दूषित पानी

**■ किसानों ने थाना पुलिस को सौंपा शिकायती पत्र**

से फसलें नष्ट हो रही हैं। यदि कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी से शिकायत करते हैं, तो वे अभद्रता करते हैं। गुरूवार को किसान थाने पहुंचे और फैक्ट्री अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इतना ही नहीं पानी से दूषित फसलों का मुआवजा दिलाने की बात भी रखी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वा. सन दिया। वहीं इस सम्बंध में फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया मगर संबधित अधिकारी का फोन रिसीव नहीं हो सका।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रासेयो शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारत इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय शिविर के समापन समारोह के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटय प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा की महत्ता और दहेज की कुरीति पर प्रहार भी किया गया।

विद्यालय प्रबंधक व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र-छात्राओं में समाजसेवा की

**■ प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बढ़ाया शिविरार्थियों का उत्साह**

भावना बढ़ती है। कहा कि शिविरि में सिखाई गई बातों को अपने जीवन में उतारते हुए शिविरार्थी सेवा का भाव रखें। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने कहा कि छात्र जीवन में रासेयो शिविर में भाग लेने का बड़ा महत्तव है। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थी सचमुच बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रभाष कुमार ने सप्तदिवस की आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के पर्यवेक्षक के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गजरौला की प्रधानाचार्या नीतू सिंह समेत लोकेंद्र सिंह, उमेश कुमार, हरीश कुमार वर्मा, पप्पू कुमार यादव, इंद्रपाल सिंह, प्रतिभा सागर, कविता शर्मा, मंजू शर्मा आदि मौजूद रहे।




# यमुना एक्सप्रेस-वे पर लूट की घटना से सनसनी

eFkjkA बलदेव के यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार सवार बदमाशों ने एक पिकअप को रुकवाकर चालक की कनपटी पर पिस्टल लगाकर 13 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। बदमाशों ने पिकअप चालक और व्यापारी से मारपीट करके फरार हो गए। पीड़ित ने यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना दी है। नोएडा के थाना दनकौर के गांव नौरंगपुर निवासी वकील अहमद पिकअप चलाते हैं। फरीदाबाद में एक युवक के मकान का सामान लेकर वह चित्रकूट गए थे। उनके साथ डेयरी व्यापारी ईश्वर चंद भी साथ थे। बुधवार रात सवा 11 बजे को दोनों पिकअप से वापस नोएडा जा रहे थे। बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 128 के समीप आगरा-नोएडा मार्ग पर कार सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके पिकअप को रुकवा लिया।

## खेत में पानी लगा रहे किसान को गोली मारी, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद के राया थाना क्षेत्र के गांव हरिया की गढ़ी में बुधवार रात 11 बजे खेत में पानी लगा रहे 55 वर्षीय किसान को गोली मार दी गई। गोली उनके सीने में लगी है। खून से लथपथ होकर किसान जमीन पर गिर पड़े। स्वजन ने उनको सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में किसान की हालत नाजुक बनी हुई है। राया थाना क्षेत्र के गांव हरिया की गढ़ी में कुवरपाल सिंह खेत में पानी लगा रहे थे। बुधवार रात 11 बजे किसी ने उनकी बाईं चेस्ट में आगे से तथा दाहिनी जांघ में पीछे से गोली मार दी और फरार हो गया। गोली की आवाज से खेतों में काम कर रहे किसानों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कुंवरपाल खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। ग्रामीणों ने यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना दी।

# हिना व सारिया ने उत्तीर्ण की एफएमजीई परीक्षा

## पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता, परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** देहली आईडियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डा. मौहम्मद अली की बेटी डा. हिना अली ने पहले ही प्रयास में एफएमजीई टेस्ट उत्तीर्ण कर लिया। जिससे परिवारमें खुशी की लहर दौड़ गयी।

बताते चलें कि देहली आईडियल पब्लिक स्कूल शहबा. जपुर के प्रबंधक डा. मौहम्मद अली की बेटी डा. हिना ने पिछले साल कजाकिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। कुछ माह पहले उसने एफएमजीई टेस्ट दिया था। हिना ने पहले ही प्रयास में एफएमजीई टेस्ट उत्तीर्ण कर लिया। हिना ने अपने ही कालेज से

**■ डीआईपीएस की हिना व सरिया ने पहले ही प्रयास में हासिल की सफलता**

इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आज जैसे ही परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ तो परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। पिता डा. मौहम्मद अली ने बताया कि उनकी बचपन से ही पढ़ाई में होशियार रही है। परिजनों को हिना की इस उपलब्धि पर रिश्तेदारों से बधाईयां मिल रही हैं। इसके अलावा इसी कालेज की छात्रा सारिया पुत्री फिरोज आलम ने भी पहले ही प्रयास में एफएमजीई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सारिया ने भी इंटर तक की पढ़ाई डीआईपीएस स्कूल से की है।

# दुग्ध डेयरीज कम्पनी के ट्रांसफार्मर में लगी आग




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हसनपुर मार्ग पर स्थिक एक दुग्ध प्लांट में लगे बिजली प्लांट के एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से खलबली मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

बता दें कि बुधवार को दुग्ध प्लांट में स्थित बिजली प्लांट में लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगती देखकर आसपास के कर्मचारियों में खलबली मच गई, उन्होंने तुरंत इसकी सूचना कम्पनी के कंट्रोल को दी। कंट्रोल ने बिजली बंद करके तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने दमकल गाड़ी से पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया। फायर विभाग के दरोगा रतन सिंह ने बताया कि आग की घटना की सूचना मिलते ही विभाग की गाड़ी पहुंच गई थी। टीएफ की लीड आदि जल गईं थीं। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था, कोई नुकसान नहीं हुआ है। कम्पनी के एचआर हेड अबोध शुक्ला ने बताया कि टीएफ में ऑयल लीक हुआ था, शार्ट शर्किट से आग लगी थी, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

# भाजपा कार्यालय पर करणी सेना का घेराव

## हापुड़ में हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर किया यूजीसी कानून का विरोध प्रदर्शन

**हापुड़।** यूजीसी कानून के विरोध की लहर अब देशभर के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी तेज होती जा रही है। गुरुवार को हापुड़ में हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में यूजीसी विरोधी तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में करणी सेना के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युधिष्ठिर राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय के बाहर बैठकर करणी सेना कार्यकर्ताओं ने सरकार पर सामान्य वर्ग के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा, हालांकि पुलिस-प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। करणी सेना नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यूजीसी कानून वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। करणी सेना के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष युधिष्ठिर राणा ने कहा कि हम सरकार को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हैं कि यूजीसी का यह काला कानून तुरंत वापस लिया जाए। आज करणी सेना भाजपा कार्यालय के बाहर बैठी है, लेकिन अगर सरकार ने हमारी आवाज नहीं सुनी तो हम अंदर घुसना भी जानते हैं। आखिर भाजपा को क्या जरूरत थी कि स्वर्ण समाज पर यह अन्यायपूर्ण कानून थोपा जाए। इस कानून के लागू होने से हमारी बहन-बेटियों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। या तो उन्हें शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा या फिर झूठे मुकदमों में फंसाकर मानसिक रूप से तोड़ा जाएगा। ऐसी स्थिति में कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएंगे। भाजपा सरकार सामान्य वर्ग को शिक्षा से दूर करने की साजिश कर रही है। नए-नए कानून लाकर सामान्य समाज का शोषण किया जा रहा है। हम यह



स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि करणी सेना अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। अगर सरकार ने यूजीसी कानून को वापस नहीं लिया तो यह आंदोलन पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में उग्र रूप लेगा। युधिष्ठिर राणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि स्वर्ण समाज के सभी नेताओं को भी चेतावनी देता हूं कि वे इस कानून पर गंभीरता से विचार करें। अगर आज आवाज नहीं उठाई गई तो कल उनके अपने बच्चों के भविष्य पर भी तलवार लटकती नजर आएगी। करणी सेना सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी और सरकार को झुकने पर मजबूर करेगी। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित रखा।

## जलभराव बना शिक्षा में रोड़ा, एलएन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली अब सीधे तौर पर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर डालने लगी है। गुरुवार को एलएन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जलभराव व बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से प्रशासन को अवगत कराया।

छात्रों ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडे से मुलाकात कर बताया कि स्कूल के आसपास लगातार जलभराव बना रहता है। बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे स्कूल आने-जाने का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। कई बार बच्चों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे फिसलकर गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों की बातों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने तत्काल नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने के सख्त निर्देश दिए। एलएन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य आराधना बाजपेई ने बताया कि लंबे समय से स्कूल मार्ग जलभराव की चपेट में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के स्तर पर त्वरित कार्रवाई की जरूरत है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। अब सभी की नजरें नगरपालिका द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्यवाही पर टिकी हुई हैं, जिससे विद्यार्थियों की परेशानी दूर हो सके और शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

## सरस्वती ग्रुप बना कैरियर मेले का आकर्षण केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में आयोजित जनपद स्तरीय कैरियर मार्गदर्शन मेले में सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की प्रभावशाली उपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रायोजन से आयोजित इस मेले में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने भविष्य को लेकर उपयोगी जानकारी हासिल की। सरस्वती ग्रुप ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराते हुए उन्हें सही दिशा देने का प्रयास किया।

मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, प्रधानाचार्या निधि मलिक तथा सरस्वती ग्रुप के जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। सरस्वती ग्रुप के विशेष स्टॉल पर एमबीबीएस, एमडी-एमएस, नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों से जुड़ी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि करियर का चयन सोच-समझकर करना चाहिए और इसके लिए रुचि, योग्यता व सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देना जरूरी है। ग्रुप के प्रतिनिधियों ने छात्रों को आधुनिक चिकित्सा



सुविधाओं, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, प्रयोगशालाओं और क्लिनिकल प्रशिक्षण की व्यवस्था से अवगत कराया।

प्रबंधन ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि समाज को कुशल और जिम्मेदार स्वास्थ्य सेवा पेशेवर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और नोडल शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सरस्वती ग्रुप की सहभागिता ने मेले को नई ऊंचाई दी और विद्यार्थियों को मेडिकल करियर के प्रति जागरूक कर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## अधूरी सड़क बनी हादसों की वजह, बच्चों व बुजुर्गों की जान पर खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर में विकास कार्यों की हकीकत एक बार फिर सामने आ गई है। नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी द्वारा कॉलोनियों में नई सड़कों के शिलान्यास तो किए जा रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लंबे समय तक बंद हो जाना आम जनता के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनता जा रहा है। यही स्थिति अब लज्जापुरी बैंक कॉलोनी में देखने को मिल रही है, जहां सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से पूरा इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया है।

बृहस्पतिवार को कॉलोनीवासियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि पिछले एक महीने से सड़क निर्माण कार्य बंद पड़ा है।



अधूरी सड़क पर मिट्टी और कीचड़ जमा होने से हालात इतने खराब हो गए हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी भी इसी कॉलोनी में निवास करती हैं, लेकिन उनकी गली की सड़क उच्च गुणवत्ता से बनी हुई है, जबकि उनकी गली को बदहाल हालत में छोड़ दिया गया है। कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वे अपनी समस्या लेकर नगरपालिका अध्यक्ष के पास जाते हैं तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कीचड़ भरी सड़क पर गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और दोपहिया व चारपहिया वाहन फिसलने से हादसों का खतरा बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर इसे पूरा नहीं कराया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और कॉलोनीवासियों को राहत दिलाई जाए।

## फर्जी जज व पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने वाले 3 शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खुद को जज और थाना प्रभारी बताकर लोगों को डराने-धमकाने और लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर गिरोह का हापुड़ नगर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चितौली रोड से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कूटरचित एफआईआर, तीन फर्जी वारंट, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी बेहद योजनाबद्ध तरीके से ठगी को अंजाम देते थे। गिरोह के सदस्य पहले अपने ही जानकारों और उनके परिजनों की जानकारी जुटाते थे। इसके बाद एक आरोपी फर्जी जज और दूसरा थाना प्रभारी बनकर फोन करता था। पीड़ित को बताया जाता था कि उसके बेटे के खिलाफ गंभीर मुकदमा दर्ज हो गया है और जल्द गिरफ्तारी होने वाली है। डर और दबाव का माहौल बनाकर रकम की मांग की जाती थी।

इसी तरह एक मामले में विदेश में नौकरी करने वाले युवक के पिता को निशाना बनाया गया। आरोपियों ने फर्जी एफआईआर और वारंट भेजकर तीन महीने के भीतर अलग-अलग किश्तों में करीब 5 लाख 30 हजार रुपये ठग लिए। रकम कभी ऑनलाइन ट्रांसफर तो कभी कैश के जरिए वसूली जाती थी। थाना हापुड़ नगर में दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद शाद सिद्दकी, मोहम्मद आतिफ और मौअज्जम के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को विश्वास में लेते थे और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर ठगी करते थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक फर्जी एफआईआर की प्रति, तीन कूटरचित वारंट, तीन मोबाइल फोन, एक अपाचे मोटरसाइकिल और 710 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## सड़क हादसों पर लगाम की तैयारी, ब्लैक स्पॉट पर कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, औद्योगिक इकाइयों तथा सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा एजेंडे के अनुसार बिंदुवार कार्यवाही प्रस्तुत की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने विगत तीन वर्षों में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉटों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए निर्देश दिए कि जहां अब तक सुधार कार्य अधूरे हैं, वहां तत्काल प्रभाव से कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मौजूद सभी ब्लैक स्पॉटों पर ओवरस्पीड कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि तेज रफ्तार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। विद्यालय यान सुरक्षा को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल में बिना फिटनेस प्रमाण पत्र वाले वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाए। बैठक में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत चल रहे जागरूकता कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर लिए गए फैसलों को शीघ्र धरातल पर उतारने का भरोसा भी दिलाया गया।



## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना में वांछित व नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने दहपा प्याऊ के पास से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार थाना पिलखुवा में दर्ज मुकदमा बीएनएस एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत आरोपी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी। लगातार दबिश और सतर्क निगरानी के बाद पुलिस को यह सफलता मिली। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संजय पुत्र मोजीराम निवासी पिथनपुरा, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### नाबालिग दुष्कर्म केस में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने किया आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित और नामजद अभियुक्त को पुलिस ने दौताई नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

थाना गढ़मुक्तेश्वर में दर्ज मुकदमा संख्या 48/26 के अंतर्गत आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस, पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुकत की पहचान रवि राणा पुत्र कलुवा निवासी मोहल्ला मीरा की रेती, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है।

### पशु चोरी पर न्याय का शिकंजा, पुलिस की सख्ती से आरोपी को मिली सजा और जुर्माना

**हापुड़।** जनपद में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हापुड़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पशु चोरी के मामले में आरोपी को न्यायालय से सजा और आर्थिक दंड दिलाकर पुलिस ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है।

थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में हुई पशु चोरी की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान मजबूत साक्ष्य जुटाए गए और प्रभावी पैरवी के जरिए मामले को न्यायालय में मजबूती से रखा गया। इसके परिणामस्वरूप अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

## नगर निगम की लापरवाही से राधेश्याम कॉलोनी में गंदगी का साम्राज्य

eFkjkA नगर निगम कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन टिकैत महानगर कमेटी द्वारा सलीम खान के नेतृत्व में एक सूत्रीय ज्ञापन राधेश्याम कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर पिछले 15 दिनों से सीवर चौक होने के कारण खुलेआम गंदगी सड़क पर फैलने को रोकने की मांग को लेकर निगम के अधिकारियों को दिया। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य मार्ग बिरला मंदिर व मस्जिद वाली गली पर लाइट की व्यवस्था करने सफाई व्यवस्था सुचारू रखने पेयजल की व्यवस्था सुचारु करने की मांग को लेकर खुला मांग पत्र सौंपा गया है। महानगर सलाहकार एवं समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने नगर निगम पर अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को वंचित करने एवं सफाई न करने का आरोप लगाने की लापरवाही बताकर निंदा की। सभी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू घटिकैत के कार्यकर्ता व पदाधिकारी कालौनी वासियों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर असलम कुरैशी, राजू निषाद, बॉबी तोमर, धर्मपाल निषाद, राजकुमार, कैलाश, सलीम खान, निजाम खान, आलमगीर, राहुल ,राज बहादुर सिंह, प्रेमपाल, चरण सिंह, चंद मुल्लाजी आदि रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शाहपुर जट्ट थाना क्षेत्र के गांव उपेड़ा के जंगल में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने शव को देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को नीचे उतरवाकर पहचान कराई, जिसकी पुष्टि शाहपुर जट्ट निवासी 47 वर्षीय धर्मपाल के रूप में हुई।

सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाए। कुछ ही देर बाद क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल को



घेराबंदी कर सुरक्षित किया और जांच प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी पहलू को नजरअंदाज नहीं कर रही है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## ग्रामीणों ने केएम के सेवाभाव की प्रशंसा

**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी गांव-गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में जैंत के जौनाई कस्बे के सद्गुरू इंटर कालेज व महावन कस्बे के गांव बरौली में प्रदीप मुखिया के घर कैम्प लगाया गया जिसमें 300 ग्रामीणों और जौनाई में 345 मरीजों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं निःशुल्क दवाईयां प्राप्त की तथा वेटरिनरी कालेज के डा. अनुज शर्मा, डा. अभिषेक शर्मा ने गांव के बीमार पशुओं का भी निःशुल्क इलाज किया। मंगलवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक निःशुल्क



स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों मरीज लाभान्वित हुए। केएम के वरिष्ठ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की। आज लगाए गए शिविर में करीब 300 मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार किया गया।

केएम हॉस्पिटल के डा. आशीष, डा. याशी पांडेय, डा. अंकिता सिंह, डा. प्रियंका, डा. गायत्री, डा. राहुल वर्मा ने एक दर्जन से अधिक गांवों के महिला-पुरुष और बच्चों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। शिविर में सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो गया था। इस शिविर में सर्दी जुकाम, मधुमेह, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, जोड़ों का दर्द, शिशु रोग, नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों की जांच और उपचार किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ उन्हें दवाएं भी मुफ्त में प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर लगने से समय और पैसे की बचत होती है।

## संविदा सफाई कर्मचारियों को मिले 7वें वेतन आयोग का लाभ: महेश काजू

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिलाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष सफाई मजदूर संघ महेश काजू ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को पत्र लिखकर वेतन समिति (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग-5 में की गई संस्तुतियों के आधार पर संविदा सफाई कर्मचारियों का वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप पुनरीक्षण किए जाने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि आगामी जनवरी से केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू किए जाने की संभावना है जिससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि होगी। वहीं उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में लगभग 19 वर्षों से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को अब तक सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पाया है जिससे उनमें रोष व्याप्त है। महेश काजू ने बताया कि वर्ष 2008 की वेतन समिति की संस्तुतियों के आधार पर संविदा सफाई कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षित किया गया था तथा शासनादेश के तहत नगर निकायों को बढ़े हुए व्ययभार को अपने संसाधनों से वहन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके चलते राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं पड़ा था। वर्ष 2016 में वेतन समिति की संस्तुतियों के बावजूद संविदा सफाई कर्मचारियों के वेतन का पुनरीक्षण नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें विगत दस वर्षों से सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल सका है। इससे कर्मचारियों को प्रतिमाह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो न्यायोचित नहीं है।

संगठन ने यह भी कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे संविदा सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके वेतन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शासन स्तर पर विचाराधीन है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सपा-कांग्रेस के आंसू घड़ियाली: प्रमोद कृष्णम

## संतो के प्रति कभी नहीं रही इनकी श्रद्धा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के आगमन पर स्कूल प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने तिलक कर व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र व बांके बिहारी की प्रतिमा भेंट की गई।

प्रेस वार्ता में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यूजीसी कानून समेत विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर बेबाक विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज में द्वेष और असमानता फैलाने वाला कोई भी कानून, विचार या वक्तव्य भारत के संविधान और सनातन धर्मख्रदोनों के विरुद्ध है। यूजीसी कानून का विस्तृत अध्ययन करने के बाद ही वे उस पर विस्तार से चर्चा करेंगे, लेकिन इतना विश्वास है कि 21वीं सदी का भारत विश्व को नई दिशा देने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बन रहा है। जब देश मंगल ग्रह तक पहुंचने की बात कर रहा है, तब समाज को तोड़ने वाली मानसिकता देश के हित में नहीं है। जो भी कानून समाज




को विभाजित करता है, वह देश के लिए ठीक नहीं है और ऐसा कोई कानून मोदी के नेतृत्व में लागू होगा, ऐसा उन्हें नहीं लगता। प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि सनातन को लंबे समय से बांटने का प्रयास किया जा रहा है। अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य हैं या नहीं, यह अलग विषय है, लेकिन उनके साथ हुआ दुर्व्यवहार स्थानीय पुलिस प्रशासन की जवाबदेही तय करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं गोरक्ष पीठाधीश्वर और तपस्वी संत हैं, वे इसका संज्ञान लेंगे। सपा और कांग्रेस पर तीखा तंज कसते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इन दलों का समर्थन केवल घड़ियाली आंसू है। संतों के प्रति इनमें कभी श्रद्धा नहीं रही। उन्होंने कहा कि हिंदू और सनातन के एकजुट होने से ही देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें बनी हैं। जो पार्टी राम की नहीं हो सकती, वह राष्ट्र की भी नहीं हो सकती। उन्होंने सनातन धर्म की अवधारणा पर कहा कि सनातन किसी के द्वारा बनाया गया धर्म नहीं है, यह शाश्वत है। राम, कृष्ण और कल्किख्रतीनों कालों में सनातन रहा है और रहेगा। दुनिया के सभी पंथ और मत सनातन की ही धाराएं हैं। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राखी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मीना आर्य, कुसुमलता गोयल, अक्षय अग्रवाल, यतीन्द्र कटारिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में पति को जेल

## दहेज की बली चढ़ी एक और विवाहिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा में दहेज की खातिर विवाहिता की बलि चढ़ाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने अपनी पत्नी को जलाकर मार डालने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आदमपुर क्षेत्र स्थित गांव तिगरिया नादिरशाह निवासी एक किसान सत्यभान ने अपनी 28 वर्षीय बहन कल्लो का विवाह करीब चार माह पूर्व बाईखेड़ा निवासी पप्पू के साथ किया था। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर कल्लो को प्रताड़ित कर रहे थे। बीती 21 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में कल्लो की जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया था। मृतका के भाई सत्यभान की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में दहेज हत्या का मुक. दमा दर्ज किया था।पुलिस ने मुख्य आरोपी पति पप्पू को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# मजदूरी करने से मना किया तो पीटकर किया घायल

## गंभीर हालत में मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मजदूरी करने को मना करने के बाद हुए विवाद में युवक की पिटाई कर धारदार हथियार मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल को गंभीर अवस्था में मेरठ रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में बुधवार की शाम करीब 7 बजे जुबेर पुत्र कदीर की दूसरे पक्ष से बीच कहां सनी होने लगी। आरोप है कि जुबेर की आरोपियों ने पिटाई करनी शुरू कर दी तथा उसके सर में धारदार हथियार मार दिया। जिससे खून का फव्वारा बाहर को निकल आया। बेरहमी से की गई पिटाई के बाद जुबेर लड़खड़ाकर कर पीछे को गिर गया। कुछ देर में घायल के परिजन मौके पर पहुंच गये तथा जुबेर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आ गये। जुबेर की नाजुक हालत को देखकर चिकित्सकों ने उसे उपचार के लिए मेरठ रेफर कर दिया। घायल के पिता कदीर ने बताया कि मारपीट करने वाले लोग उसके पुत्र से जबरदस्ती मजदूरी करवाना चाहते थे। उसके बेटे ने उनके पास मजदूरी करने को मना कर दिया था। जिसके चलते उसके पुत्र को बेरहमी से पीटा गया है।

# यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा लागू किए गए 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को

**■ सवर्ण समाज ने जताया खुशी का इजहार**

प्रोत्साहित करने के नियम-2026' को लेकर गहराए विवाद के चलते देश भर में सवर्ण समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं गुरूवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए यूजीसी पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर सवर्ण समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी छोड़कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सभासद पति देवेश शर्मा, अमरीश बसंल, आकाश



बंसल, सोनू गर्ग, जगतपाल सिंह, देवेन्द्र चौहान, सतपाल सिंह चौहान, वीर सिंह चौहान, महेन्द्रसिंह, राहुल गर्ग, भीम चौहान, देवेन्द्र चौहान, अमर सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, नितिन सिंघल, अमर सिंह चौहान, निर्देश सिंघल, प्रमोद अग्रवाल, ओम सिंघल आदि मौजूद रहे।

# प्रेमिका के घर पहुंच परिजनों को प्रेमी ने धमकाया

## मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बेटी को बहलाकर ले गया प्रेमी घर आ धमका। मुकदमा वापस नहीं लेने पर उसने पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। इतना ही नहीं वह अब व्हाट्सऐप पर स्टेट्स लगाकर धमकी दे रहा है। पीड़ित किसान की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। बीते सप्ताह उनकी बेटी अचानक घर से लापता हो गई थी, बाद में पता चला था कि प्रेमी उसे अपने साथ ले गया है। लिहाजा, किसान ने बेटी को बहलाकर ले जाने के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। आरोप है कि इसके बाद से आरोपी युवक लगातार मुकदमे में फैसले करने के लिए दबाव बना रहा है, लोगों के जरिए भी धमकी दिलाई जा रही है। घटना मंगलवार शाम की है, युवती के पिता का आरोप है कि आरोपी युवक खुद उनके घर आ धमका, उसने साफ कहा कि मुकदमा वापस ले लो, वरना पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा होती देख आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद उसने व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम व फेसबुक पर स्टेट्स लगाकर भी धमकी दी। धमकी के बाद से दहशतजदा पीड़ित किसान की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मारी, किसान की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के

**■ पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खुंगावली निवासी किसान हरकेश व पूरन गुरूवार की सुबह ई-रिक्शा के द्वारा गढ़मण्डी में अपनी गोभी बेचने जा रहे थे। दोनों किसान गांव से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ ही दूरी चले थे कि मौहम्मदाबाद ढ़ाल के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार



कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में पूरन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हरकेश

गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। घटना से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल था। मृतक के पुत्र सुभाष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कार चालक के विरूद्धप्राथमिकी दर्ज करके कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

# दुकानदार ने युवक को दौड़ाकर पीटा

## लैपटॉप पर लेमिनेशन कराने पहुंचा था, साथियों के साथ मिलकर किया हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लैपटॉप पर लेमिनेशन कराने आए युवक पर दुकानदार ने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सड़क पर दौड़ाकर पीटते हुए मोबाइल-लैपटॉप तोड़ दिए। इतना ही जान से मारने की धमकी भी दी। लहूलुहान हालत में पहुंचे युवक का पुलिस ने मेडिकल कराया लेकिन तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र में धनौरा मार्ग स्थित मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मोहम्मद अजीम के अनुसार बुधवार दोपहर वह मोहल्ला कोट में मछली मार्केट स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर लैपटॉप पर लेमिनेशन कराने के लिए गया था। उसने दुकानदार से काम सही तरीके से करने को कहा, आरोप है कि इसी बात पर दुकानदार भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि इसके बाद दुकानदार ने अपने साथियों को बुलाकर अजीम को घेर लिया और बीच सड़क पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से उसकी बेरहमी से पिटाई की। हमले में चेहरे पर गंभीर चोटें लगने पर अजीम लहूलुहान हो गया। भीड़ जमा होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इतना ही नहीं मारपीट में उसका मोबाइल फोन और लैपटॉप भी क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर भेज दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने अब एसपी स्तर पर शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वकीलों ने रोहताश वर्मा को दी श्रद्धांजलि

## बीते दिन हार्टअटैक से हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर अमरोहा के वरिष्ठ अधिवक्ता रोहिताश कुमार वर्मा का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही साथी वकीलों ने शोक की लहर दौड़ गई। न्यायालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत अर्घधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। बृहस्पतिवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित बार रूम में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उपस्थित होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने दिवंगत रोहिताश कुमार वर्मा को एक सरल, कर्मठ एवं मिलनसार अधिवक्ता बताते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन अधिवक्ता समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोक सभा के अंत में ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई। इस दौरान बार अध्यक्ष सलीम खान, सतीश त्यागी, अवनीश कुमार बंसल, आदिश सैफी, कपिल चिकारा, इफ्तेखार सैफी, दिनेश चौहान, संजम शर्मा, नरेंद्र पौषवाल, जुनैद खान, नन्हे सिंह सैनी, लखपत सिंह राणा, नीलम सिंह, आसिम अली, रतनपाल राणा सहित आदि मौजूद रहे।

# कैशलेस चिकित्सा पास होने पर डा. ढिल्लो का स्वागत

## शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर जताया आभार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों व बेसिक एवं एडिड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक अनुदेशक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने का प्रस्ताव कैबिनेट में स्वीकृत होने पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो का आभार जताया गया। पक्का बाग स्थित शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो के आवास पर वित्तविहिन विद्यालयों के शिक्षकों ने पहुंचकर खुशी का इजहार किया तथा सदन में कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग को मजबूती से उठाने पर डा. ढिल्लो का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनहितकारी एवं शिक्षक कल्याणकारी निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं माध्यमिक शिक्षामंत्री श्रीमति गुलाबो देवी के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। डा. ढिल्लो ने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम दर्शाता है कि वह शिक्षकों की मांगों के प्रति कितना संवे. दनशील हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नरेश सिद्धू, कोषाध्यक्ष रविराज सिंह, सत्यपाल सिंह, जीशान अली, कुलदेव चोहान, धर्मवीर सिंह, हरकेश सिंह, अवधेश कुमार, रवितोष चहल आदि मौजूद रहे।

# राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी फाइनल में हर्ष का धमाकेदार शतक

## अमरोहा के हर्ष ने फाइनल में रचा कीर्तिमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीसीसीआई की सेंट्रल जोन राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अमरोहा के होनहार बल्लेबाज हर्ष सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 187 रनों की यादगार पारी खेली। उनकी इस बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर उत्तर प्रदेश अंडर-14 टीम फाइनल मुकाबले में मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। यह फाइनल मैच 28 जनवरी से 30 जनवरी तक मध्य प्रदेश के इंदौर में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच खेला जा रहा है। निर्णायक मुकाबले में हर्ष सिंह ने संयम और आक्रामकता का शानदार संतुलन दिखाते हुए विपक्षी गेंदबाजों पर पूरी तरह दबाव बनाए रखा। हर्ष



सिंह पिछले छह वर्षो से रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी में कोच बदरुद्दीन और कोच मोहम्मद हसीन के मार्गदर्शन में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी में खुशी और गर्व का माहौल है।

**तहसील बार के निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ**

# अधिवक्ता हित में काम करने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तहसील बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को गुरुवार की दोपहर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने अधिवक्ता हित में काम करने का संकल्प व्यक्त किया। बार व बेंच के बीच समन्वय कायम रखने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बीते 20 जनवरी को बार एसोसिएशन के चुनाव में शकील अहमद ने अध्यक्ष और निरंजन सिंह ने कोषाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की थी। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। गुरुवार को बार के सभागार में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप-जिलाधिकारी शैलेश दूबे ने सभी निर्वाचित पदाधिक ारियों को पद व गोप. नीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उप-जिलाधिकारी ने बार व बेंच के बीच समन्वय कायम रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बार व बेंच एक रथ के दो पहिये के समान हैं। आपस में मधुर संबंध बनाकर कार्य करना चाहिए तभी वादकारियों को सही न्याय सुलभ हो सकेगा। अपर उपजिलाधिकारी



चंद्रकांता, तहसीलदार विजय श्याम दुबे, सब रजिस्टार सरफराज अहमद सिद्दीकी ने निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। वहीं, अध्यक्ष शकील अहमद समेत अन्य पदाधिक ारियों ने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। इस मौके पर संजीव कुमार महासचिव, इंतेखाब नासिर, जयविंदर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, काशीराम, कृष्ण कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अमजद इदरीसी पुस्तकालय अध्यक्ष, सैफ सिद्दीकी, मीडिया प्रभारी, संजीव सक्सैना, उमेश कुमार उप सचिव, मोहम्मद शाहरुख, जितेन्द्र सिंह सह सचिव, कय्यूम अली ऑडिटर के अलावा सुरेन्द्र सिंह, पुष्कर लाल गुप्ता, गौरव शर्मा, आसिफ हसन, रमेश चंद्र गोयल, महफूज अली सिद्दीकी, सीमा सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

## पति समेत पांच ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

क्षेत्र के गांव आंबेडकर नगर के रहने वाले राजीव कुमार की शादी 1 अक्तूबर 2025 को रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा निवासी पूजा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज लाने के ताने देकर पूजा को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। इनकार के बीच 22 जनवरी की रात में साढ़े ग्यारह बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने पूजा के साथ मारपीट की, इसके बाद घर से निकाल दिया। रातभर जैसे तैसे गुजराने के बाद पूजा ने सुबह में मायके वालों को घटना की जानकारी दी, जब मायके वाले ससुराल पक्ष से बात करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की और पूजा को जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति राजीव, सास हीरावती, ससुर चंद्रपाल सिंह, देवर काविंद्र व धर्मेंद्र के खिलाफ संबंधित एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दहेज उत्पीड़न से जुड़ी दूसरी घटना थाना नौगावां सादात से जुडी है। क्षेत्र के गांव बाकीपुर निवासी इदरीश ने तीन साल पहले बेटी जीनत की शादी रामपुर जिले के गांव घोसीपुरा मोहम्मद हसन के साथ की थी। आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल में जीनत को परेशान किया जा रहा था। आरोपी पति मायके से दो लाख रुपये और बाइक दिलाने का दबाव बनाता था। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। उत्पीड़न के चलते लगभग एक साल जीनत मायके में अपने पिता के साथ रहती है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी पति मोहम्मद हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# थाने के दैनिक कार्यों से छात्रों को कराया रूबरू

## अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत किया दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तृतीय चरण के तहत गुरुवार को स्टॉल वर्ल्ड इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने थाना अमरोहा देहात का दौरा किया। इस दौरान उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था और जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम में अपराध निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, महिला हेड कांस्टेबल निरमा चौधरी, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी चौहान और अंजलि ने छात्र-छात्राओं को थाने के दैनिक कार्यों और पुलिस की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस दौरान सीयूजी की उपयोगिता के बारे में भी बताया। इसके साथ ही, यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण मिशन केंद्र के तहत संचालित विभिन्न सहायता हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस क ार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून के प्रति समझ विकसित करना, सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पुलिस तथा समाज के बीच विश्वास को मजबूत करना था।

# बरेली में दिनदहाड़े मां-बेटों से ढाई लाख लूटे

■ **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। प्लॉट का बैनामा कराने फरीदपुर रजिस्ट्री ऑफिस जा रहे मां-बेटों से बदमाशों ने ढाई लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला और उसके बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। वारदात के दौरान सड़क पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने भी पीड़ितों को बचाने की हिम्मत नहीं दिखाई। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार भुता निवासी डॉक्टर टी. आर. चक्रवर्ती ने कस्बे में डेढ़ सौ वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। बृहस्पतिवार दोपहर उसकी रजिस्ट्री के लिए उनकी पत्नी सावित्री देवी अपने बेटों आकाश और कुलदीप के साथ कार से फरीदपुर रजिस्ट्री ऑफिस जा रही थीं। कार कुलदीप चला रहा था और बैग में ढाई लाख रुपये रखे हुए थे। फरीदपुर-भुता मार्ग पर भसोकर गांव के पास बदमाशों ने लाठी मारकर कार को रुकवा लिया।



कार रुकते ही बदमाशों ने सावित्री देवी के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया और मां-बेटों को कार से बाहर खींच लिया। सावित्री देवी ने साहस दिखाते हुए बैग नहीं छोड़ा, जिस पर बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बैग की चेन खुल गई और कुछ रुपये जमीन पर गिर गए। रुपये समेटने का प्रयास करने पर बदमाशों ने महिला और उसके बेटों को और बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घायल होने के बाद बैग छूट गया, जिसे बदमाश लेकर मौके से फरार हो गए।

घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जिसमें एक बदमाश लाठी से मां-बेटे पर हमला करता साफ दिखाई दे रहा है। वारदात के बाद घायल मां-बेटे कार से सीधे थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दबिश दी और चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सियाठेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने शानदार तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। इस मौके पर शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों और छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप मे आये शिक्षा उप निदेशक मुन्ने अली ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेहनत से ही कोई लक्ष्य मिल सकता है लिहाजा सभी छात्र-छात्राएं मेहनत से ही पढ़ाई करें।

प्रिंसिपल राकेश माथुर ने कहा कि निरन्तर परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने स्कूल की प्रगति प्रस्तुत की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

कार्यक्रम में पंख पत्रिका का विमोचन किया गया। संचालन रमेश कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल नन्दिनी अनामिका, प्रिंसिपल राजेन्द्र यादव, सरिता, मो0 सादिक, कवींद्र सिंह, हरिओम, महेंद्र पाल, सोनी सिंह, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# व्यक्ति की अचानक मौत से गांव में सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे से सटे हुए गांव दुवाबट में एक व्यक्ति की हुई अचानक मौत से गांव में सनसनी फैल गई। लोग दीवानावार उनके घर की तरफ दौड़ पड़े।

पूर्व ग्राम प्रधान हिसामुद्दीन ने बताया कि सेंथल में मदरसा हनफिया नूरिया में दस्तार बंदी के एक कार्यक्रम में शिरकत के लिए घर से निकले थे, अभी वह गांव से बाहर भी नहीं पहुंचे थे कि अचानक गिर पड़े। परिवारी आनन फानन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हिसामुद्दीन ने बताया कि मृतक मोहम्मद इकरार उनके सगे मामूजात भाई थे। वह बेहद खुश मिजाज और मिलनसार इंसान थे।

# गाड़ी से आए चोर हजारों रुपये का पनीर, दूध, घी चोरी कर फरार, सीसीटीवी में हुए कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के प्रमुख विद्यालय श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज के सामने चल रही आनंदा दूध की एजेन्सी से रात करीब 1.20 पर चोर दुकान में रखा एक कुंतल पनीर, 10 क्रिट दूध, पांच देशी घी की टीन चुरा कर ले गए।

एजेंसी के स्वामी बरुण शर्मा जब सुबह अपनी दुकान खोलने आए तो दुकान से उक्त सामान गायब था। श्री शर्मा ने आस पास लगे सीसीटीवी खंगाले तो दुकान से सामान चुराते हुए 3-4 लोग दिखाई दिए। ईको गाड़ी भी साफ नजर आ रही है। घटना की तहरीर दुकान मालिक वरुण शर्मा द्वारा पुलिस को दी गई है। इसके साथ ही कस्बे के मुख्य मार्ग की दुकान से हुई इस चोरी की घटना से दुकानदारों में खलबली मची हुई है।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में सर्वण समाज ने कस्बे में निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** यूजीसी नियम को लेकर सवर्ण समाज ने गुरुवार को कस्बे में जुलूस निकाला, और जमकर नारेबाजी करते हुए इस कानून का वापस लिए जाने की मांग की। बाद में सर्वण समाज के लोगों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल के साथ ही भारत के मुख्य न्यायधीश को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार शिवा वर्मा को सौंपकर कार्रवाई की मांग की।



यूजीसी एक्ट के विरोध में गुरुवार को सवर्ण समाज ने कस्बे में जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। कस्बे के श्री कृष्णा इंटर कालेज से शुरु हुआ जुलूस कस्बे के मुख्य मार्ग होता हुआ तहसील पहुंचा। जहां लोगों ने यूजीसी एक्ट के विरोध में नारेबाजी करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। बाद में इन प्रदर्शनकारियों ने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार शिवा वर्मा को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इसमें सुरेशचन्द्र शुक्ला, नत्थू लाल गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजीव गुप्ता, दयानंद शर्मा, गोविंद मिश्रा, अरविन्द शुक्ला, ऋषि कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, सुनील कुमार शुक्ला, शुभ्रा शर्मा, आरती मिश्रा, उर्वशी शर्मा, मदन मोहन दीक्षित, विमलेश शर्मा, शोभा रानी शर्मा, कपिल शर्मा, सीमा शुक्ला, जितेन्द्र शुक्ला, राजीव शर्मा, कमलेश शंखधार, हर्षित शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, वरुण शर्मा, अमर शुक्ला, सतेन्द्र मिश्रा, मनोज गुप्ता आदि थे।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव चुरई दलपतपुर में गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण एक घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में गांव निवासी फूल शाह अल्वी के घर की बैठक में रखा इनवर्टर व बैट्री, कूलर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य कीमती घरेलू सामान आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगते ही घर से धुएं और ऊंची लपटें उठने लगीं। उस समय घर में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाकर किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



पड़ोसियों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया कि घटना के समय फूल शाह अल्वी मीरगंज में स्थित अपनी हार्डवेयर की दुकान पर थे, जबकि उनका बेटा भी मीरगंज में ही मौजूद था। घर पर केवल महिलाएं थीं, जिससे घटना के दौरान भय का माहौल बना रहा।

# अंडरपास में भाजपा नेताओं के बीच मारपीट, दोनों पक्षों पर मुकदमे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बुधवार की शाम रेलवे स्टेशन के पास स्थित अंडरपास में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने मीरगंज थाने में अलग-अलग तहरीरें दीं, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों ओर से मुकदमे दर्ज किए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। नथपुरा गांव के प्रधान पुत्र सचिन गंगवार की तहरीर पर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी, राहुल, विशाल व रवि निवासी नथपुरा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बुधवार शाम करीब पांच बजे सचिन गंगवार रिश्तेदार को छोड़ने मीरगंज आए थे। इसी दौरान आरोपियों ने रेलवे स्टेशन अंडरपास पर उनका रास्ता रोककर गाली-गलौच की और लात-घूंसे व लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने जान को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिला पंचायत सदस्य के भाई राहुल की तहरीर पर पुलिस ने महावीर प्रसाद, सोमपाल व सचिन निवासी नथपुरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राहुल का आरोप है कि वह शाम करीब साढ़े पांच बजे अंडरपास के पास एक होटल पर समोसा लेने गए थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। गाली-गलौज करते हुए डंडों से पीटा गया। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

# हाईटेंशन लाइन का पोल तोड़कर भागा ट्रक चालक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुरुवार को विद्युत विभाग के जेई रामदेव वर्मा की तहरीर पर हाईटेंशन लाइन का पोल तोड़कर फरार हुए अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि जेई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में पुलिस बैरियर तोड़ने से संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी। चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी कर उसे जेल भेजा जाएगा।

बताया गया कि बुधवार की शाम धनेटाख्रशीशगढ़ रोड पर मकड़ी खोय के पास ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए हाईटेंशन लाइन का पोल तोड़ दिया था। घटना के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक को रोकने के लिए पुलिस ने मिर्जापुर चौराहे और दुनका चौकी पर बैरियर लगाए, लेकिन चालक ने दोनों स्थानों पर बैरियर तोड़ दिए। पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए नाकेबंदी की और अंततः सहोड़ा के पास ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को मारी टक्कर, पैर टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गुरुवार शाम शाही फतेहगंज मार्ग पर गांव लमकन के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रही एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार अल्लाह रक्खी पुत्री इस्माइल खेत से लकड़ी बीनकर सड़क की कच्ची पटरी से होते हुए घर लौट रही थीं, तभी पीछे से आए बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजनों ने बताया कि हादसे में महिला का एक पैर टूट गया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि बाइक चालक गांव का ही निवासी है और आए दिन तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए सड़कों पर फर्राटा भरता रहता है। घटना के बाद परिजनों में रोष व्याप्त है। सूचना पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# मदरसा जामिया हनफिया नूरिया में पांच बच्चों की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मदरसा जामिया हनफिया नूरिया में इस वर्ष भी हिफ्ज-ए-कुरान करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पांच बच्चों ने मुकम्मल कुरान हिफ्ज करने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर इमामे आजम मुफ्ती आजम कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन हुआ, जिसमें कस्बे व बाहर से आए आलिमों ने शिरकत की।

मदरसे के चेयरमैन हाफिज इरशाद उल कादरी नूरी ने बताया कि मदरसा सेंथल सहित बाहरी क्षेत्रों के बच्चों को तालीम देने के साथ उनके रहने व खाने की पूरी व्यवस्था करता है। दस्तारबंदी के मौके पर खानकाहे तय्यबा वहदिया बिलग्राम शरीफ के सज्जादा नशीन हजरत सय्यद सोहिल मियां ने बच्चों को दस्तार पहनाकर दुआएं दीं।

इस वर्ष मोहम्मद जुबैर रजा, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद हाशिम और मोहम्मद रेहान ने कुरान हिफ्ज किया। कार्यक्रम में मौलाना हनीफ साहब दमखोदा, शायर आमिर जफर साहब सहित कई आलिम व हाफिज मौजूद रहे।

# बरेली के डीएम अविनाश सिंह के पिता का निधन

■ **प्रयागराज के रसूला घाट पर होगा अंतिम संस्कार**

■ **लंबी बीमारी के बाद 80 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के डीएम अविनाश सिंह के पिता दिनेश बहादुर सिंह का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से प्रशासनिक और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।



परिजनों के अनुसार, दिनेश बहादुर सिंह अस्थमा से पीड़ित थे। तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें 7 दिसंबर 2025 को वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में आंशिक सुधार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल संस्थान में शिफ्ट किया गया, जहां पिछले 53 दिनों से उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को डीएम आवास लाया गया, जहां उन्हें अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। सूचना मिलते ही मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी, एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी, बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए., नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

## भाजपा नेताओं ने जताया शोक

दोपहर लगभग डेढ़ बजे भाजपा बृज क्षेत्र अध्यक्ष धर्मेंद्र शाक्य, महापौर उमेश गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह और शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी भी डीएम आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि उनके पिता के पार्थिव शरीर को शुक्रवार तड़के चार बजे प्रयागराज ले जाया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच प्रयागराज संगम क्षेत्र के रसूला घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। गांव व रिश्तेदारों को अंतिम दर्शन के लिए वहीं घाट पर बुलाया गया है।

## सेवानिवृत्त निदेशक थे दिनेश बहादुर सिंह

दिनेश बहादुर सिंह मूल रूप से जौनपुर जिले के जंघई जंक्शन क्षेत्र अंतर्गत बभनियाव गांव के निवासी थे। वह उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, प्रयागराज में निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

उनके परिवार में पत्नी प्रेमलता सिंह और चार संतानें हैं। सबसे बड़ी बेटी आरती सिंह, दूसरे नंबर पर बरेली के डीएम अविनाश सिंह, तीसरी संतान ज्योति सिंह और सबसे छोटे बेटे रजत सिंह हैं, जो वर्तमान में अमेरिका के सिएटल में गूगल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। पिता की बीमारी के दौरान से ही पूरा परिवार बरेली में मौजूद था।

# बरेली में यूपी सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन का गठन

■ **अनिल पाटिल को सौंपी गई प्रदेश की कमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर सहित प्रदेश भर के सर्राफा व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन (रजि.) का गठन किया गया है। संगठन की औपचारिक घोषणा गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों, कार्ययोजना और भविष्य की रणनीति की जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि सर्राफा व्यापार से जुड़े व्यापारियों को आए दिन प्रशासनिक, कानूनी और सुरक्षा संबंधी कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह संगठन व्यापारियों की आवाज को एकजुट कर एक मजबूत और प्रभावी मंच प्रदान करेगा, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से कराया जा सके।

संगठन को मजबूत आधार देने के लिए शहर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारियों को संरक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें सेठ प्रताप चंद्र सेठ (लाला काशीनाथ ज्वैलर्स), प्रेम प्रकाश अग्रवाल (सत्य प्रकाश वीरेंद्र प्रकाश सर्राफ) और विनीत रस्तोगी (वी.वी. ज्वैलर्स) शामिल हैं। संरक्षक प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि संगठन व्यापारिक गरिमा बनाए रखते हुए सर्राफा व्यापारियों की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा।

संगठन के विस्तार के तहत प्रदेश, मंडल, जिला और महानगर स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

अनिल पाटिल (श्री सिद्धि विनायक ज्वैलर्स) को सर्वसम्मति से संगठन का संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष चुना गया, जबकि विशाल मेहरोत्रा (मेहरोत्रा एंड संस) को बरेली मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सुशील बंसल को जिला अध्यक्ष, संजीव अग्रवाल को महानगर अध्यक्ष और राम नारायण गुप्ता को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल पाटिल ने बताया कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य सर्राफा व्यापारियों को आईपीसी की धारा 411 और बीएनएस की धारा 317 से जुड़ी कानूनी जटिलताओं से राहत दिलाना है, जो पुराने आभूषणों की खरीद-फरोख्त से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए विधि विशेषज्ञों से परामर्श लेकर स्थायी समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे। साथ ही सोने-चांदी की शुद्धता, मूल्य निर्धारण और पारदर्शिता को भी संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।



पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि बढ़ती कीमतों और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बीच सर्राफा व्यापारियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी सीधे व्यापारियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इसके अलावा गिरवी रखे गए आभूषणों से जुड़े मामलों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

संगठन की कार्यकारिणी में बरेली और आसपास के क्षेत्रों के 50 से अधिक सर्राफा व्यापारियों को शामिल किया गया है। प्रदेश, मंडल, जिला और महानगर स्तर पर महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री और कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश भर के सर्राफा व्यापारियों को जोड़ते हुए इस संगठन को एक सशक्त, संगठित और प्रभावी मंच के रूप में विकसित किया जाएगा।

# राज्य महिला आयोग का बरेली में सम्मान समारोह, 514 महिलाओं को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण संगम एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्मार्ट सिटी पं. राधेश्याम कथावाचक सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, खेल, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 514 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 31 अधिकारी भी शामिल रहीं।



मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकेत है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग अब लखनऊ तक सीमित न रहकर ब्लॉक स्तर पर महिलाओं की समस्याएं सुन रहा है, जिससे पीड़ित महिलाओं को अब राजधानी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने कहा कि महिला आयोग हर समय महिलाओं के साथ खड़ा है और यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। विशिष्ट अतिथि सोनाली मिश्रा, आईपीएस ने कहा कि यह सम्मान समारोह महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भी महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है।

यहां डॉ. तनु जैन, रीता सिंह, सोनाली मिश्रा , गायत्री पाण्डेय, रितुजा तिवारी, रश्मि शर्मा , अनामिका अंकुर जैन , शिखा पाण्डेय , नीतू कनौजिया, परमेश्वरी, रश्मि जायसवाल, प्रेमलता राठौर, आरती यादव, ब्रजेश कुमारी आदि को सम्मानित किया गया।

# यक्ष एप से होगी अपराधियों की निगरानी

■ **एसपी उत्तरी ने विवेचना रूम को आवंटित करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने गुरुवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जहां साफ-सफाई पर संतोष जताया, वहीं अभिलेखों का रख रखाव ठीक न मिलने पर उन्होंने हेड मुहर्रिर पर नाराजगी जताई।

पौने दो बजे कोतवाली पहुंचे एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने सबसे पहले गार्ड की सलामी ली, उसके बाद उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण शुरू किया। इस दौरान उन्हें कोतवाली में बेहतर साफ-सफाई मिली, जिसपर उन्होंने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव की तारीफ की। इस दौरान उन्हें मैस में लगे गैस के



पुराने पाइप को तत्काल बदले जाने के निर्देश दिए। एसपी श्री मिश्रा ने कोतवाली की बैरकों में सील होने, प्लास्टर टूटने पर तत्काल ही सही कराए जाने के निर्देश कोतवाल को दिए। उन्होंने शस्त्रों के रख रखाव पर संतोष जताया। उन्होंने पुलिस कर्मियों का मेन्यू के मुताबिक भोजन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन शक्ति और परामर्श केंद्र को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए कोतवाली का निरीक्षण करने के बाद अखबार नवीसों से आला करते हुए उन्होंने डीजीपी द्वारा शुरू किए गए यक्ष एप की जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप से क्षेत्र के अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रहेगी। इतना ही नहीं इससे अपराध नियंत्रण के लिए काफी कारगर साबित होगा। इससे उसकी हर लोकेशन पुलिस को मिलती रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के हर ग्राम प्रधान से अपने अपने ग्राम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का भी आवाहन किया। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने कोतवाली में तैयार खड़े विवेचना रूम को तत्काल ही आवंटित किए जाने के निर्देश कोतवाल को दिए।

तीन घंटे तक चले इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान सीओ नीलेश मिश्र, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार के साथ ही सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# होमगार्ड भर्ती में आपदा मित्रों को प्राथमिकता

## कालेज आगमन पर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आर.एस.एम. पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के नौ स्वयंसेवकों ने लखनऊ में आयोजित 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह प्रशिक्षण 16 जनवरी से 27 जनवरी तक राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा दिया गया।

आज प्रशिक्षण उपरांत महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा आपदा मित्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों में प्रीत चौहान, खुशी राजपूत, खुशी विश्नोई, जिया असद, लुबना नाज, रिया पाल, रेनू गौतम, विपल्व कुमार, क्रिश चौधरी, रचित कुमार, आदित्य कुमार और परमवीर शामिल रहे, जिन्होंने आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि सरकार द्वारा आपदा मित्र योजना के माध्यम से युवाओं को आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित आपदा मित्र के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण स्वयंसेवकों के लिए भविष्य में रोजगार के नए अवसर भी खोलता है, विशेषकर होमगार्ड एवं SDRF जैसी सेवाओं में।

प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज के प्रति अपने दायित्वों को भली-भांति समझते हैं। आपदा मित्र के रूप में प्राप्त प्रशिक्षण न केवल उनकी व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि आपदा के समय समाज और राष्ट्र की सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक प्रीत चौहान ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आपदा मित्रों को आगे विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

स्वागत समारोह में कॉलेज से प्रो. अलका राय, प्रो. शौराज सिंह, डा. मनोज कुमार, डा. मदन पाल, डा. हिमांशु त्रिपाठी, डा. देवेश पाठक, डा. विवेक यादव, गोपाल कृष्ण तिवारी, डा. अनिल यादव, राधा रानी बरनवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में मारपीट व जान से मारने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम पूरनपुर निवासी एक व्यक्ति ने जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली धामपुर में तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार घटना बीती रात्रि की है, जब जमीन लेन-देन को लेकर हुए विवाद में नामजद आरोपियों ने उसके और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

पीड़ित धर्म सिंह पुत्र जगना सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम निवासी भीम तथा बलराम उसके घर पहुंचे और जमीन के लेन-देन को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि दोनों ने पीड़ित व उसकी पत्नी अर्चना देवी के साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

हमले में पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट आई, उसकी पत्नी को भी कई गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से वह और उसका परिवार भय के साए में है तथा आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**चंदक।** रामपाल सिंह महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व प्रबंधक ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के उपरांत ध्वज फहराया गया। डॉ. बीरबल सिंह व तपराज सिंह देशवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को संविधान के विषय में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने गणतंत्र दिवस मनाने के उद्देश्य को बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूबी सैफी सहित श्रीमती मीनाक्षी राजपूत, डॉ. रेनू राजपूत, डॉ. नीलम शर्मा, मोनिका सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# सड़क की चौड़ाई कम करने का आरोप, नाले का निर्माण रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव शहजादपुर में जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण को ग्रामीणों ने रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण लोनिवि के क्षेत्र में ही कराया जा रहा है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है।

गांव शहजादपुर में जिला पंचायत द्वारा सड़क के एक ओर 240 मीटर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को नाला निर्माण का कार्य रुकवाकर हंगामा किया। ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अजय बालियान, संजय, मोनू, मानु, नौबहार, अर्जुन आदि का आरोप है कि नाला निर्माण सड़क के बिल्कुल समीप कराया जा रहा है, जिसके कारण सड़क की चौड़ाई कम हो रही है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सड़क की चौड़ाई छोड़कर नाला निर्माण कराने की मांग की है।

एधर लोनिवि के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नाला निर्माण का कार्य जारी रखा। लोनिवि के जेई ज्ञानचंद का कहना है कि मौके पर पहुंच कर जांच की जा रही है, यदि नाला निर्माण होने से सड़क की चौड़ाई कम हो रही है तो उसे रोका जाएगा।

# कुरान मुकम्मल करने पर दस्तारबंदी

## दीन के रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारें मुसलमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मदरसा रियाज उल उलूम जामा मस्जिद में आयोजित सालाना इजलास में आये बहारी उलेमाओं ने इस्लाम पर रोशनी डालते हुए लोगों से इस्लाम के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। वहीं मदरसे के कुरान हिफ्ज करने वाले 14 बच्चों की दस्तारबंदी की। जलसे के आखिर में मुल्क के अमनो अमान के लिए दुआ कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मदरसा रियाज उल उलूम जामा मस्जिद में सालाना इजलास का आयोजन किया गया, जिसका आगाज तिलावात-ए-पाक से कारी जुल्फुकार ने किया। मेहमान ए खसूसी हजरत मौलाना सय्यद पीर मौहम्मद उस्मान साहब मजाहिरी सहारनपुर, नवास ए शेखुल हदीस हजरत मौलाना मौहम्मद जकरिया साहब कांदलावी, रहमतुल्ला आली द्वारा खिताब करते हुए कहा कि आज मुसलमान अपने आका के बताये रास्ते से भटक रहा हैं। झूठ, धोखा, मक्कारी को अपनी आदत बना रहा हैं। उन्होंने कुरान का हवाला देते हुए कहा कि अल्लाह का बेहतरीन तोहफा कुरान हैं, तोरेत इंजील, जबूर, आसमानी किताब हैं मगर कुरान अल्लाह का कलाम हैं। इस कौम को इज्जत नबी के बताये रास्ते और कुरान पर अमल करने से मिलेगी। इजलास को मुफ्ती तौहीद शाही मुरादाबाद, मुफ्ती इकरामुल्ला जामिया उल हुदा मुरादाबाद, मौलाना शौकत नक्शबंदी अफजलगढ़, कारी हम्माद शाही मुरादाबाद ने भी खिताब किया। इस दौरान कुरान हिफ्ज करने वाले 14 बच्चों की दस्तारबंदी व परचम के साथ उन्हें हदिया दिया गया। इस दौरान मुफ्ती अमनाउर्रब, काजी शमीम, हाजी सलीम बल्लन, महफूज अहमद, नासिर पधान, अताउर्रब, मिरजा खुर्शीद, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम के इखतेदाम पर मुल्क की खुशहाली व तरक्की के लिये दुआ की गई। निजामत मुफ्ती दानिश कासमी मदरसा रियाज उल उलूम शेरकोट व सदारत मुफ्ती कमर धामपुर ने की।

# सांसद ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

## आईआईटी, आईआईएम, एआईआईएमएस में भेदभाव रोकने को की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद ने देश के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त जातिगत और सामाजिक भेदभाव को लेकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

सांसद ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 को केवल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त संस्थानों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित सभी केंद्रीय एवं स्वायत्त उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

पत्र में सांसद ने कहा है कि देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज भी जाति, वर्ग और सामाजिक आधार पर भेदभाव की गंभीर समस्या मौजूद है। इसे समाप्त करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 2026 में जो विनियम लागू किए गए हैं, वे सामाजिक न्याय की दिशा में एक सकारात्मक और आवश्यक पहल हैं। इन विनियमों का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांग छात्रों को भेदभाव से मुक्त, समान और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

सांसद ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि इन विनियमों का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म-स्थान और दिव्यांगता के आधार पर होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना तथा सभी हितधारकों के बीच समानता एवं समावेशन सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 की मूल भावना के अनुरूप है।

हालांकि सांसद ने इसे अत्यंत चिंताजनक बताया कि वर्तमान में यह भेदभाव-निरोधक व्यवस्था केवल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त संस्थानों तक ही सीमित है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, त्रिस्तरीय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, चिकित्सा महाविद्यालय तथा अभियांत्रिकी महाविद्यालय जैसे देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय एवं स्वायत्त उच्च शिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकार क्षेत्र में न होने के कारण इन प्रावधानों से बाहर हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संस्थागत भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न से जुड़ी सबसे अधिक शिकायतें इन्हीं प्रमुख संस्थानों से सामने आती रही हैं। ये वही संस्थान हैं, जहां से देश का भावी प्रशासनिक, तकनीकी और नीतिगत नेतृत्व तैयार होता है।

ऐसे में यदि यहां समानता और न्याय सुनिश्चित नहीं होगा, तो समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के साथ होने वाला अन्याय कभी समाप्त नहीं हो पाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का वक्त: चंद्रहास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर विकास खंड में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पाल की अध्यक्षता एवं आकू ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित कर शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन क्रांति महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने कहा कि अटेवा बड़ी ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को लामबंद होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार अटेवा, सह कोषाध्यक्ष नो सिंह, विजय पाल, रविन्द्र कुमार, रीगल कुमार, सोनू कुमार, अनिल कुमार, अवधेश कुमार, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यू विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के परिसर में यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यू विषय पर एक तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 29 जनवरी को हुआ और समापन 31 जनवरी को होगा। यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एडुकेशन न्यू दिल्ली के तत्वाधान से कराई जा रही है।

प्रोग्राम का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग डारेक्टर सन्नी देशवाल, निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, डा. हितेश कुमार, डा. आशुतोष कंसल और लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मौहम्मद अरशद द्वारा किया गया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों में मानव मूल्य व समग्र विकास के महत्व को उल्लेखित करना है। मानव मूल्य से समाज में प्रेम सौहार्द एवं समन्वय स्थापित कैसे करें, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम विकास के साथ साथ प्राकृतिक संतुलन कैसे स्थापित करें, इस पर कार्यशाला के माध्यम से मुख्य वक्ता संवाद स्थापित कर रहे हैं। प्रोग्राम मे विभिन्न कालेज के 75 से ज्यादा प्रवक्ता भाग ले रहे हैं।

प्रोग्राम में मुख्य वक्ता डा. नवीन कुमार व डा. विवेक अग्रवाल (आईएमएस गाजियाबाद) से और डा. आशुतोष कंसल आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी से रहेंगे, जो प्रोग्राम को जारी रखंगे।

# बंद पड़े मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर के मौहल्ला सानियान में अब्दुल गफ्फार के बंद मकान में अचानक भीषण आग लगने से घरेलू सामान जलने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घर से धुआं निकलता देख कर अफरा-तफरी मच गई। कस्बे के लोगों ने बताया कि गफ्फार चंडीगढ़ रहकर सब्जी का काम करता है। मकान में आग लगने का कारण बच्चों द्वारा वहां पटाखे जलाना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी व पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# शेरकोट मुस्लिम फंड ने बांटे लिहाफ

## सम्पन्न लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शेरकोट मुस्लिम फंड के सौजन्य से लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शेरकोट मुस्लिम फंड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने लोगों से जरूरतमंद, असहाय एवं निर्धन लोगों की सहायता करने का आह्वान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरकोट मुस्लिम फंड कार्यालय पर आयोजित लिहाफ वितरण कार्यक्रम में गरीब, असहाय एवं निर्धन लोगों को लिहाफ वितरित किए गए। इस मौके पर जनरल सेक्रेटरी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने बताया कि मुस्लिम फंड की ओर से ठंड के मौसम में प्रतिवर्ष सैकड़ों लिहाफ वितरित किए जाते हैं। इस वर्ष भी करीब 300 लिहाफ जरूरतमंदों को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने शहर के सभी धनवान लोगों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को लिहाफ एवं गर्म कपड़े उपलब्ध कराने में सहयोग करें। ऐसे कार्य ईश्वर की रजा प्राप्त करने का माध्यम होते हैं। वहीं इस अवसर पर मैनेजर रफीक अहमद ने बताया कि शेरकोट मुस्लिम फंड की ओर से प्रतिवर्ष आंखों का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाता है, जिसमें निर्धन लोगों की आंखों का मुफ्त इलाज कराया जाता है। कार्यक्रम के दौरान नजरुल इस्लाम, मौहम्मद हाशिम, सरवर अहमद, महफूज अहमद, बलीगुर्रहमान, बुरहानुर्रहमान, मौहम्मद जुबैर, मौहम्मद राशिद आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिव मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। नगीना रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देर रात्रि पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हनुमत आसन पर डटे रहो जब तक राम कथा होय यह भजन सबको खूब पसंद आया, सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में धीरेन्द्र चौहान, रीना रानी, प्रदीप कुमार कौशिक, शशि कौशिक, टीकाराम जैन, सुरेंद्र सिंह, राजू राजावत, सुषमा राजावत, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, शीशराम सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, जगदीश अरोड़ा, प्रीतम सैनी, सुनील कुमार सिंह, दिनेश राणा, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, विजय शर्मा, राम प्रकाश वर्मा आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### फ्यूचर चिल्ड्रन अकादमी में ध्वजारोहण

**शिवाला कलां।** फ्यूचर चिल्ड्रन अकादमी में 77वें गणतंत्र दिवस का



आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। प्रबंधक संघर्ष चौहान एवं प्राचार्या श्रीमती कल्याणी ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया तथा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। जिसमें उप-प्राचार्य अनुराग यादव, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुलभ चौहान एवं समस्त स्टाफ ने सक्रिय योगदान दिया। रैली में छात्र-छात्राओं ने नेता सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, भारत माता एवं महाराणा प्रताप आदि के किरदार निभाए। छात्रों के इन जीवंत भूमिका-निरूपण ने सभी के मन में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। प्राचार्या श्रीमती कल्याणी ने कहा यह आयोजन बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। स्कूल प्रबंधन ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी।

### विद्या मंदिर में 2 लाख के पुरस्कारों की घोषणा



**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पूर्व जिला संघ चालक डा. कृष्ण बहादुर के शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर उनकी सुपुत्री डा. अनामिका बादल के द्वारा विद्या मंदिर धामपुर के मेधावी छात्रों को 2 लाख रुपए के पुरस्कारों की घोषणा की गई। उनके पिता डा. कृष्ण बहादुर सिंह 1960 से 1997 तक जिला बिजनौर में आर.एस.एस. को गति देते हुए जिला संघ चालक बने और चिकित्सा के व्यवसाय के साथ आर.एस.एस. विद्या मंदिर व शिशु मंदिर परिवार व निर्धन व असहाय लोगों की नि:शुल्क इलाज करते रहे। उनका स्वर्गवास 26 जनवरी 1997 को हुआ था। उनकी सुपुत्री डा. अनामिका बादल वर्तमान में वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर में वनस्पति विज्ञान की प्रोफेसर हैं। उन्होंने हाई स्कूल में ठाकुर रवि प्रताप को प्रथम स्थान, यश कुमार को द्वितीय स्थान और वंश कुमार को तृतीय स्थान , साथ ही इंटर के तनिष्क प्रथम स्थान, पर्व कुमार द्वितीय स्थान और सिद्धांत कुमार तृतीय स्थान जिला टॉपर्स को 11000 रुपए, 5000 रुपए व 3000 रुपए का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही प्रात व मंडल में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले विद्या मंदिर धामपुर के छात्रों को 200000 के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की प्रांत में प्रथम आने पर 100000 , द्वितीय आने पर 50000 और तृतीय आने पर 25000, साथ ही जिले में प्रथम आने पर 11000 और द्वितीय स्थान आने पर 11000 देने की घोषणा की।

### रासेयो के विशेष शिविर का समापन



**बुढ़नपुर।** श्री साईं इंटर कॉलेज रूपपुर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मधुर मिलन बैंकट हॉल में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश गुप्ता विभाग कार्यवाह संघ, प्रबंधक प्रमोद त्यागी, प्रदीप कुमार दारोगा, मयंक चौहान, नरेश चौधरी, शुभम चौहान, राहुल त्यागी, शुभम वालिया, प्रधानाचार्या प्रियंका कुमारी, शोभित त्यागी ने सरस्वती के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने नाटकों और भाषणों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, जिससे समाज में चेतना का विकास हो सके और लोग भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार बनें। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रूसी, शुभम विश्नोई, कोमल एवं समस्त स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

### न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल

**नजीबाबाद।** पूरनपुर गढ़ी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता एवं पूर्व बीआरसी मोबीन हसन ने निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए विचार रखा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश तथा बीएसए के निर्देश पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरनपुर गढ़ी में ग्राम प्रधान मनोज कुमार की अध्यक्षता एवं कंकुल प्रभारी महेंद्र कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व बीआरसी मोबीन हसन ने उपस्थित जनसमुदाय से शासन की योजनाओं में शिक्षकों का सहयोग करने, बच्चों को नियमित तथा समय पर विद्यालय भेजने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में अपने बच्चों को प्रतिभाग कराने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने अपने स्तर से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। चौपाल में मुकेश शर्मा, संजीव, अभिराम, सविता शर्मा, निर्मल शर्मा, अन्नू, धर्मेन्द्र, वंदना आदि उपस्थित रहे।

